बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,

# कार्यालय–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,गया वन प्रमण्डल, गया

सेवानगर, न्यू करीमगंज, गया(फैक्स एवं फोन नं0.0631-2950310, ई–मेल : gayadfo@gmail.com)

पत्रांक– , दिनांक–

प्रेषक

अभिषेक कुमार,भा0व0से0
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गया वन प्रमण्डल, गया

सेवा में,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)–
सह–नोडल पदाधिकारी,
वन संरक्षण बिहार पटना,

विषयः– गंगाजल उद्वह परियोजना में प्रखंड–मोहड़ा में मौजा–तेतर एवं बिकैपुर तथा प्रखंड–मानपुर में मौजा–पेहानी एवं अबगिला में अपयोजित कुल 242.27 एकड़ वन भूमि के समतुल्य गैर मजरूआ मालिक/अनावाद बिहार सरकार खाते की भूमि की विवरणी समर्पित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि समाहर्त्ता, गया द्वारा उपलब्ध करायी गयी विवरणी में 212.27 एकड़ (85.94 हे0) गैर वन भूमि गया जिलान्तर्गत गुरारू एवं इमामगंज अंचल में स्थित है एवं 30 एकड़ भूमि रजौली अंचल अन्तर्गत नवादा जिला में अवस्थित है। गया जिलान्तर्गत हस्तानान्तरित की जाने वाली गैर वन भूमि की मापी वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, संबंधित अंचलाधिकारी एवं प्रमण्डलीय अमीन द्वारा किया गया एवं रजौली प्रखण्ड अन्तर्गत सिंचाई प्रमण्डल, रजौली (नवादा) की 30 एकड़ भूमि की मापी अंचलाधिकारी, रजौली, डी0सी0एल0आर0 रजौली एवं विभागीय अमीन के द्वारा किया गया एवं नक्शा तैयार किया गया। वन विभाग को हस्तान्तरित की जाने वाली गैर वन भूमि की विवरणी निम्नवत है:–

| अंचल | मौजा/थाना सं0 | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (एकड़) | किस्म जमीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| गुरारू | ईटहरी/61 | 200 | 885<br>885/2959<br>887<br>905<br>887/2960<br>868<br>875<br>872 | 49.30<br>01.38<br>32.47<br>10.28<br>10.79<br>04.79<br>01.47<br>00.14<br>**110.62** | गैरमजरूआ मालिक परती कदीम |
| इमामगंज | इमनाबाद/159 | 192 | 52<br>56<br>57 | 24.50<br>40.10<br>37.05<br>**101.65** | अनावाद बिहार सरकार जंगल |
| रजौली (नवादा जिला) | रामदासी/182 | | | 12.5 | कार्यपालक अभियन्ता, तिलैया नहर प्रमंडल से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जल संसाधन विभाग के स्वामित्व की भूमि। |
| | बौंढ़ीकला/179 | | | 17.5 | |
| | | | कुल– | **242.27 एकड़ (98.05 हे0)** | |

समाहर्त्ता, गया एवं कार्यपालक अभियन्ता, तिलैया नहर प्रमण्डल से प्राप्त विवरणी की गैर वन भूमि को अधोहस्ताक्षरी एवं वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल,नवादा द्वारा अपने प्रमण्डल अन्तर्गत स्थित भूमि की समीक्षा उपरान्त क्षतिपूरक वनरोपण हेतु उपयुक्त पाया गया है (अनुलग्नक–यथोक्त)। अतः वन विभाग को हस्तान्तरित की जा रही गैर वन भूमि पर क्षतिपूरक वनरोपण हेतु प्राक्कलन, वर्तमान मजदूरी दर 277/–रू0 प्रतिमानव दिवस पर समर्पित किया जा रहा है।

अतः भवदीय से अनुरोध है कि समर्पित की जा रही विवरणी भारत सरकार को समर्पित करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करना चाहेंगे।

विश्वासभाजन,

ह0/
वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गया वन प्रमण्डल,गया।

ज्ञापांक– 1583 दिनांक– 31/03/2020
प्रतिलिपि– वन संरक्षक,गया अंचल,गया/ क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(हस्ताक्षर) 31/3/2020
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गया वन प्रमण्डल,गया